22 नए सेक्टर, चार मेडिकिल कॉलेज और तीन महिला हॉस्टल के लिये मिलेगी ज़मीन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण **(HSVP)** ने अपनी आय में बढ़ोतरी के साथ-साथ राज्य के 22 ज़िलों में 22 नए सेक्टर बनाने के साथ-साथ चार मेडिकिल कॉलेजों व तीन महिला हॉस्टल के लिये ज़मीन देने की कार्ययोजना तैयार की है।

प्रमुख बिंदु

- इन नए सेक्टरों के विकसित होने के बाद लोगों को अच्छी रिहायश के लिये मारामारी नहीं करनी पड़ेगी और उन्हें आसानी से पॉश इलाकों में प्लॉट उपलब्ध हो सकेंगे।
- राज्य के पाँच प्रमुख ज़िलों- फरीदाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, रोहतक और हिसार में भूमि अधिग्रहण और मुआवज़ा वितरण में आ रही दिक्कतों के समाधान के लिये सरकार ने ज़िला भूमि अधिग्रहण अधिकारी नियुक्त किये हैं।
- एचएसवीपी द्वारा पंचकूला, फतेहाबाद, दादरी व पलवल में बनने वाले चार मेडिकिल कॉलेजों के लिये करीब 50 एकड़ ज़मीन भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- इसके अलावा एचएसवीपी की योजना भिवानी, सिरसा और रेवाड़ी में महिला हॉस्टल बनाने की है। इसके लिये भी ज़मीन उपलब्ध कराई जाएगी।
- गुरुग्राम व हिसार में कॉमर्शियल व रिहायशी साइट की ऑनलाइन नीलामी के लिये 10 व 11 मई की तिथि निर्धारित की गई है।
- एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी ने प्राधिकरण की आय में बढ़ोतरी तथा लोगों को अधिक-से-अधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का खाका तैयार के लिये 22 मई को एचएसवीपी की 13 ऑनलाइन सर्विस शुरू होंगी।
- हालाँकि एचएसवीपी की कई सेवाएँ पहले से ऑनलाइन हैं, लेकिन इनमें बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि लोग घर बैठे लाभान्वित हो सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/land-will-be-available-for-22-new-sectors,-four-medical-colleges-and-three-women-s-hostels